हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 13 अगस्त 2026

04 बरसते पानी में निकाली तिरंगा रैली भारत माता की जय...



07 रानी अवंतीबाई लोधी के सम्मान में हरसंभव प्रयास के लिए प्रतिबद्ध...



समाचार संक्षेप

चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाकर भूमि शासन के कब्जे में ली

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में मोबाइल कोर्ट के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम राघौगढ़ अमित सोनी के मार्गदर्शन में तहसीलदार राघौगढ़ अनुराग जैन द्वारा राजस्व अमले के साथ ग्राम बालाभेंट में कार्रवाई की गई। ग्राम बालाभेंट स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 3 एवं 15/1, रकबा लगभग 200 बीघा से अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इसमें प्रहलाद पुत्र सांवलिया, जाति अहिरवार द्वारा 1.045 हेक्टेयर भूमि पर मक्का की बुआई की गई थी। इसी प्रकार उत्तम पुत्र कैलाश नारायण, जाति धाकड़ द्वारा 0.209 हेक्टेयर शासकीय चारागाह भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। राजस्व अमले ने दोनों स्थानों से अतिक्रमण हटाकर भूमि शासन के कब्जे में ले ली। कार्रवाई के दौरान पंचनामा तैयार किया गया तथा मौके की फोटोग्राफी भी कराई गई। वर्तमान में उक्त भूमि को चारागाह के लिए सुरक्षित किया गया है।

कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली



गुना। शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय, गुना में प्राचार्य डॉ. विनीता जैन के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी पूनम पारीक के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी विधि जैन, आशा बाथम, माधवी शालूके, प्रीति यादव, दिवाकर तिवारी और प्रशांत आर्य के सहयोग से छात्राओं द्वारा तिरंगा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के जरिए नागरिकों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही छात्राओं ने परिसर में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को प्रदर्शित करती सुंदर रंगोलियां बनाईं। कार्यक्रम को सफल बनाने में जावेद अली और मिथुन धाकड़ का सहयोग रहा।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए फलदार पौधे



राघौगढ़। नवांकुर सखी हरियाली यात्रा अंतर्गत हरियाली अमावस्या के अवसर पर पिछले वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवांकुर समिति मंगल सेवा समिति द्वारा सेक्टर राघौगढ़ का कार्यक्रम ग्राम विजयपुर में आयोजित किया गया। जिसमें विजयपुर हनुमान मंदिर से शुभारंभ कर गौशाला पर समापन कर एक पेड़ मां को नाम अभियान के विषय में ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह द्वारा संबोधित कर नवांकुर सखी विषय पर जानकारी प्रदान की पौधारोपण किया गया। महिलाओं व बालिकाओं को पौधे भेंट किये गए व उसको बड़ा करने की ज़िम्मेदारी भी उन्हीं को सौंपी गई। यात्रा के दौरान वृक्ष ही जीवन है सूखी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करें श्रंगार के स्लोगन बोले गए। आम सीताफल आंवला बेलपत्र मुनगा अमरूद जामुन के 110 पौधों का रोपण किया गया। नवांकुर समिति के सचिव सुरेश केवट ने बताया कि यहाँ पर हर वर्ष पौधे लगाने का संकल्प लिया है क्योंकि ग्रामीणों ने पौधों को बड़ा करने संकल्प भी लिया है। इस अवसर पर परामर्शदाता महेश कुमार शर्मा, चेन सिंह धाकड़ उपस्थित रहे।

सरकारी स्कूल की छत गिरने के विरोध में उग्र हुआ छात्रों का आक्रोश

एबीवीपी जेसीबी लेकर पहुंची स्कूल के बाहर, दी 14 दिन की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

प्रदेश में अपनी ही विचाराधारा वाली सरकार होने के बावजूद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को व्यवस्था की बड़ी लापरवाही के खिलाफ सड़कों पर उतरना पड़ा है। मक्सूदनगढ़ में सरकारी स्कूल की छत गिर जाने के विरोध में परिषद के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गुना शहर में उग्र प्रदर्शन किया। जर्जर इमारतों को ढहाने में हो रही प्रशासनिक ढिलाई को उजागर करने के लिए कार्यकर्ता प्रतीकात्मक रूप से स्वयं जेसीबी मशीन लेकर शहर के एमएलबी स्कूल परिसर के बाहर पहुंच गए।

रविवार का दिन था, वरना हो सकता था बड़ा हादसा

विवाद मक्सूदनगढ़ स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की इमारत ढहने के बाद भड़का है। यहां बीते रविवार को जर्जर स्कूल भवन का एक बड़ा कक्ष अचानक ताश के पत्तों की तरह ढह गया। गनीमत यह रही कि हादसा रविवार की छुट्टी के दिन हुआ। उस समय परिसर में छात्र-छात्राएं और शिक्षक मौजूद नहीं थे। अगर यह घटना किसी सामान्य कार्य दिवस में होती तो



बड़ा हादसा तय था। इस धमाके से आसपास के अन्य कमरों को भी नुकसान पहुंचा है।

4 साल से धूल फांक रही थी शिकायतें, अफसर बेखबर

घटना के बाद सामने आई सच्चाई और भी चौंकाने वाली है। स्कूल स्टाफ पिछले चार से पांच सालों से इस भवन की जर्जर हालत को लेकर आला अधिकारियों को लिखित में चेता रहा था। बार-बार पत्राचार के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अधिकारियों की इसी अनदेखी का नतीजा रहा कि रविवार को आखिरकार स्कूल की इमारत धराशायी हो गई।

प्रशासनिक बहानेबाजी खत्म करने लाए जेसीबी

इसी लापरवाही से आक्रोशित एबीवीपी कार्यकर्ता बुधवार को सिटी कोतवाली से चंद कदम दूर शहर के बीच स्थित महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के बाहर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि प्रशासन अक्सर संसाधनों या जेसीबी की कमी का बहाना बनाकर जर्जर भवनों को नहीं गिराता। इसलिए वे खुद जेसीबी लेकर आ गए हैं। परिषद ने स्पष्ट किया कि अकेले गुना जिले में लगभग 200 स्कूल भवन बेहद खतरनाक और जर्जर स्थिति में हैं। इस दौरान परिषद कार्यकर्ताओं और पुलिस अधिकारियों के बीच जमकर बहसबाजी हुई। वहीं कार्यकर्ताओं ने लगातार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

पूर्व में दी गई चेतावनियों को किया नजरअंदाज

एबीवीपी पदाधिकारियों ने बताया कि उन्होंने 7 अप्रैल और 24 जून को भी जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को ज्ञापन दिए थे। इन ज्ञापनों में जिले के तमाम जर्जर स्कूल भवनों को ध्वस्त करने की मांग की गई थी। इसके बावजूद जिम्मेदार अफसरों ने कोई ध्यान नहीं दिया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अफसरों की इसी लापरवाही के कारण मक्सूदनगढ़ में यह गंभीर हादसा हुआ।

एसडीएम ने दो हफ्ते का दिया आश्वासन

सड़क पर जेसीबी खड़ी कर हो रहे प्रदर्शन की खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इसके कुछ ही देर बाद एसडीएम शिवानी पांडे और तहसीलदार मयंक तिवारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने आंदोलनकारी छात्रों से सीधी बात की। प्रशासन ने जिले के सभी चिन्हित जर्जर भवनों पर दो सप्ताह के भीतर ठोस कार्रवाई करने का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद ही छात्र शांत हुए।

तेज बारिश में वार्ड 7 की पुलिया टूटी, वर्षों से निर्माण की मांग फिर भी अधूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

तेज बारिश के चलते शहर के वार्ड क्रमांक 7 में पनरिया नदी पर बनी पुलिया टूट गई है। पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय पार्षद महेश कुशवाह द्वारा इस पुलिया के निर्माण के लिए कई वर्षों से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। वार्डवासियों का कहना है कि बारिश के दौरान पुलिया की स्थिति और खराब हो जाती है। पानी का बहाव बढने से आवागमन प्रभावित होता है और लोगों को जोखिम उठाकर निकलना पड़ता है। पुलिया का निर्माण लंबे समय से अधूरा पड़ा होने के कारण हर बारिश में समस्या दोबारा सामने आ जाती है। पुलिया निर्माण के साथ वार्ड की अन्य समस्याओं को लेकर पार्षद महेश कुशवाह ने पूर्व में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी पत्र लिखा था।

दिसंबर 2025 में केंद्रीय मंत्री ने पार्षद द्वारा भेजे गए आवेदन को जिलाधिकारी गुना को उचित कार्रवाई के लिए प्रेषित किया था। पत्र में वार्ड क्रमांक 7 के अंतर्गत पनरिया नदी पर पुल निर्माण के साथ मुक्तिधाम के पुनर्निर्माण, बाउंड्रीवॉल और नवीन पार्क की स्थापना की मांग भी शामिल थी। इसके बावजूद पुलिया का काम पूरा नहीं होने से बारिश में लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रहवासियों ने प्रशासन और नगर पालिका से पुलिया का निर्माण जल्द पूरा कराने तथा आवागमन की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है।

जिला अस्पताल में जच्चा वार्ड के पास लिफ्ट खराब

मरीजों को सीढ़ियों से चढ़ने की मजबूरी, गंदगी ने और बढ़ाई परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला अस्पताल में जच्चा वार्ड के पास आईसीयू और मेडिकल वार्ड में आने-जाने के लिए लगी दोनों लिफ्ट खराब होने से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल में गंभीर मरीजों के लिए बेहतर इलाज की व्यवस्था होने के बावजूद खराब लिफ्ट और पर्याप्त वैकल्पिक सुविधा नहीं होने से मरीजों को सीढ़ियों के सहारे वार्ड तक पहुंचना पड़ रहा है। उसी में यहां पर फैली गंदगी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। मौके पर लगी दोनों लिफ्टों की हालत खराब नजर आ रही है। सबसे बड़ी समस्या उन मरीजों के सामने है, जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं या जिन्हें तत्काल आईसीयू अथवा मेडिकल वार्ड में ले जाना पड़ता है। ऐसे मरीजों को स्ट्रेचर या व्हीलचेयर के सहारे सीढ़ियों से ले जाना कर्मचारियों और परिजनों के लिए भी मुश्किल भरा है। अस्पताल में आने-जाने के लिए अलग से सुविधाजनक रैंप की व्यवस्था भी नजर नहीं आती।

वहीं उपलब्ध व्हीलचेयर भी बेहतर स्थिति में नहीं होने की शिकायत सामने आती रहती है। ऐसे में मरीजों को इलाज के लिए अस्पताल आने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझना पड़ रहा है। मरीजों और परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन से दोनों लिफ्टों को तत्काल दुरुस्त कराने तथा रैंप और व्हीलचेयर की व्यवस्था बेहतर करने की मांग की है।

जीआरपी ने मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की

भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन में 4 तोले सोने के जेवर और कपड़ों से भरा बैग चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

ट्रेन में सफर कर रही एक महिला यात्री के सीट के नीचे रखा ट्रॉली बैग अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। बैग में दो सोने की चूड़ियां और एक सोने का ब्रेसलेट (कुल वजन करीब 4 तोला) तथा कपड़े रखे हुए थे। चुराए गए 4 तोले सोने के जेवरात की बाजार में वर्तमान कीमत करीब 5.50 लाख से 6 लाख रुपए के आसपास है, हालांकि पुलिस रिकॉर्ड में फरियादिया के अनुसार इसकी अनुमानित कीमत 95 हजार रुपए दर्ज की गई है।

जोधपुर जीआरपी थाने में दर्ज जीरो एफआईआर की केस डायरी



डाक द्वारा प्राप्त होने के बाद जीआरपी पुलिस थाना गुना ने असल अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के शहडोल जिले की शर्मा कॉलोनी निवासी श्रीमती दुर्गेश नंदी पत्नी अभिषेक (27) बीते दिन शहडोल से ट्रेन क्रमांक 18573 विशाखापट्टनम-भगत की कोठी एक्सप्रेस के कोच की सीटपर यात्रा कर रही थीं। ट्रेन रात करीब 10 बजे रवाना हुई थी और महिला अपना ट्रॉली बैग सीट के नीचे रखकर सो गई थीं। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे जब उनकी नींद खुली, तो सीट के नीचे रखा ट्रॉली बैग गायब मिला।

बैग में दो तोले वजन की दो सोने की चूड़ियां, दो तोले का एक सोने का ब्रेसलेट, जींस, टी-शर्ट, लेडीज चूड़ी और क्रीम आदि सामान रखा था। महिला यात्री ने घटना की तुरंत ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई और जोधपुर जीआरपी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी। जीआरपी जोधपुर में प्रारंभिक जांच के बाद घटना स्थल जीआरपी थाना गुना क्षेत्र का पाए जाने पर मामला धारा 305(2) बीएनएस के तहत जीरो पर कायम कर डायरी जीआरपी गुना भेजी गई। जीआरपी थाना गुना ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है।

बेंहटा घाट के पास रेलवे ट्रैक पर मिली महिला की लाश

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंहटा घाट के समीप गुजरने वाली रेलवे लाइन पर बुधवार तड़के एक महिला का शव पड़े मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों और ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना करते हुए प्राथमिक पड़ताल शुरू की और शव की पहचान के प्रयास किए। पुलिस की शुरुआती जांच के दौरान मृतका की शिनाख्त रजनी (32) पत्नी कल्ला सहरिया के रूप में हुई है। शिनाख्त होने के पश्चात पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम कराए जाने के उपरांत शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। फिलहाल मृतका रेलवे ट्रैक पर किन परिस्थितियों में पहुंची और उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई या मामला कुछ और है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन भी इस संबंध में फिलहाल कुछ बोलने की स्थिति में नहीं हैं। कैंट थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मृतका के पति और अन्य परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं।

कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

परेड ग्राउंड पर वाटरप्रूफ टेंट लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन लाल परेड ग्राउंड पर किया जाना है। समारोह की पूर्व तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा बुधवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने समारोह के आयोजन को लेकर की जा रही विभिन्न तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा संबंधित विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समारोह स्थल पर बारिश के मौसम को ध्यायन में रखते हुए वाटरप्रूफ टेंट लगाने के निर्देश दिए। उन्हों ने लाइट, बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं को व्यवस्थित एवं सुविधाजनक रखने के साथ ही समारोह के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था से संबंधित तैयारियों की जानकारी ली गई तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित



करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह के दौरान आयोजित होने वाले डॉग शो को लेकर भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर कन्याल ने निर्देश दिए कि जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों के नाम भी सम्मान के लिए जोड़े जाएं। उन्होंने कहा कि संस्थाओं, एनजीओ, स्पोर्ट्स, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को भी सम्मानित किया जाए। समारोह में आम नागरिकों की सहभागिता को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, अनुविभागीय अधिकारी गुना शिवानी पांडे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एनसीसी इकाइयों ने सम्मिलित रूप से निकाली हर घर तिरंगा रैली

35वीं वाहिनी एनसीसी शिवपुरी के कमान अधिकारी कर्नल विजय वीर सिंह धईया एवं एडम अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल ए एन रेड्डी तथा उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बीके तिवारी की अनुमति से हर घर तिरंगा रेली निकली गयी।

रैली को रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी मोनिका जैन एवं पुलिस विभाग के अन्य के अधिकारी उपस्थित रहे। रैली लाल परेड ग्राउंड से प्रारंभ होते हुए एसपी ऑफिस के सामने से कैंट चौराहे, सब्जी मंडी होते हुए पुनः लाल परेड ग्राउंड परिसर पर समाप्त हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय एनसीसी अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार भिरोरिया, सेकंड अफसर संजय झा, सेकंड अफसर एल के शर्मा एवं सेकंड अफसर सुरेंद्र प्रजापति सहित एन सी सी के लगभग 300 कैडेट्स उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार का कहर: ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर नीचे गिरने से युवक की मौत


हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के राघौगढ़ थानांतर्गत बीनागंज पुलिस चौकी क्षेत्र में महाकाल पेट्रोल पंप जंजाली के पास एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे आयशर ट्रक ने गिट्टी लेने जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर से नीचे गिरे एक युवक का सिर ट्रक के पहिए के नीचे आ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम बरखेड़ा खुर्द निवासी सूचनाकर्ता राजकुमार कुशवाह अपने साथी कार्तिक कुशवाह के साथ जगदीश कुशवाह के ट्रैक्टर की मडग़ार्ड पर बैठकर संजय सागर बैरियर क्रेशर पर गिट्टी लेने जा रहे थे। ट्रैक्टर को जगदीश चला रहा था। गत दिवस सुबह करीब 8:15 बजे जैसे ही वे महाकाल पेट्रोल पंप जंजाली के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार लाल रंग के आयशर ट्रक यूपी 75 सीटी 4896 के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राजकुमार और कार्तिक उछलकर सडक़ पर जा गिरे। इस दौरान अनियंत्रित ट्रक का टायर कार्तिक के सिर के ऊपर से निकल गया, जिससे उसका सिर बुरी तरह कुचल गया और मौके पर ही उसकी सांसें थम गईं। वहीं राजकुमार को कमर और पैर में चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद दोनों को एंबुलेंस की मदद से साड़ा अस्पताल राघौगढ़ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कार्तिक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

समाचार संक्षेप

सकल व्यापारी संघ बीनागंज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली दायित्व की शपथ



चाचौड़ा। सकल व्यापारी संघ बीनागंज द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को नवीन जिम्मेदारियों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। समारोह को संबोधित करते हुए कहा गया कि व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य संगठन की एकजुटता और सक्रियता के साथ क्षेत्र के व्यापारियों के हितों के लिए निरंतर कार्य करें। साथ ही बीनागंज के व्यापारिक एवं सामाजिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। कार्यक्रम में जिला व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष चाचौड़ा प्रद्युम्न मीना, वरिष्ठ अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनीता प्रदीप नाटानी, व्यापारी संघ मंडी अध्यक्ष पवन शिवहरे, कार्यकारी संरक्षक अशोक शिवहरे, नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रियेश श्रीमाल, कार्यकारी अध्यक्ष विमल भार्गव, अमित गोयल, प्रद्युम्न जैन एवं चौकी प्रभारी नीरज लोधी सहित व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा और व्यापारियों के हित में सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया।

11 से 17 अगस्त तक संगीतमय शिवपुराण कथा निकाली कलश यात्रा, हुआ जोरदार स्वागत



राघोगढ़। शिव मंदिर परिसर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। ध्वज लेकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मंगल भवन परिसर में पहुंची। शोभा यात्रा का स्वागत जगह जगह किया गया। विधि विधान से पूजा अर्चना कर शिव पुराण प्रारंभ की गई नगर में पहली बार मंगल भवन परिसर में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक संगीत में श्री शिव पुराण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मातृ शक्ति महिला मंडल एवं प्रभात फेरी मंडल के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित श्री कैलाश नारायण महाराज मानस महल देवी कला जिला सागर के मुखर बिंदु से शिव पुराण कथा सुनाई जाएगी एवं शिव पुराण आचार्य पंडित राजवर्धन सिंह भार्गव गुना मौजूद रहेंगे। देव आह्वान एवं कथा प्रारंभ किया जाएगा शिव विवाह के दिन शिव बारात का आयोजन होगा और नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं प्रतिदिन पार्थिव पूजन रूद्र महा अभिषेक सुबह 8:00 से 12:00 तक का आयोजन होगा। शिव पुराण कथा दोपहर 2: बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी कार्यक्रम में अधिक से अधिक श्रद्धालु जन उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आरोन में निकाली रैली

बरसते पानी में निकाली तिरंगा रैली भारत माता की जय के लगे नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को नगर परिषद आरोन द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस रैली में बारिश के बावजूद नगरवासियों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। तिरंगा रैली की शुरुआत शासकीय उत्कृष्ट उमावि आरोन से हुई। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर बड़ी संख्या में नागरिक, अधिकारी एवं कर्मचारी रैली में शामिल हुए। रैली श्री दास हनुमान मंदिर से होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से निकली और इंदिरा पार्क पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से नगर का वातावरण देशभक्तिमय हो गया। रैली के दौरान नागरिकों को वंदे मातरम के इतिहास एवं उसके महत्व की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला पंचायत गुना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे के आदेशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी मंजूषा खत्री एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।इस अवसर पर सीएमओ दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि बारिश के बावजूद रैली में लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी सराहनीय रही। उन्होंने नगरवासियों से 15 अगस्त के अवसर पर अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने आयोजन में सहयोग करने वाले विभिन्न विभागों, कर्मचारियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।रैली में नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन, नगर परिषद प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, नगर परिषद स्टाफ एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

पर्याप्त फास्टेग बैलेंस होने के बावजूद टोल नाके पर वाहन रोके जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

मध्य प्रदेश वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन, खाद्य विभाग के अंतर्गत राघौगढ़/बमौरी शाखा में प्रबंधक के पद पर कार्यरत राजेश श्रीवास्तव ने पगारा टोल नाका, गुना पर टोल कर्मचारियों द्वारा अनावश्यक रूप से वाहन रोके जाने एवं उनके चालक का मोबाइल अपने पास रख लेने की घटना पर आपत्ति व्यक्त की है। राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि 11 अगस्त 2026 को उनके वाहन क्रमांक MP07CJ3782 को पगारा टोल नाके पर रोका गया, जबकि वाहन के पास वैध मासिक टोल पास तथा पर्याप्त फास्टैग बैलेंस उपलब्ध था। इसके बावजूद टोल कर्मचारियों द्वारा वाहन को अनावश्यक रूप से रोका गया तथा उनके ड्राइवर का मोबाइल फोन भी अपने पास रख लिया गया। उन्होंने बताया कि वे अपने शासकीय दायित्व के तहत मूंग उपार्जन से संबंधित महत्वपूर्ण समस्या के निराकरण के लिए जा रहे थे। क्षेत्र में किसानों द्वारा विवाद की स्थिति उत्पन्न की जा रही थी, जिसके कारण समय पर मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करना आवश्यक था। ऐसी परिस्थितियों में टोल नाके पर अनावश्यक रूप से वाहन रोके जाने से शासकीय कार्य प्रभावित होने की स्थिति उत्पन्न हुई। श्रीवास्तव ने कहा कि यदि वाहन का मासिक पास वैध है और फास्टैग में पर्याप्त राशि उपलब्ध है, तो बिना उचित कारण वाहन को रोकना तथा चालक का मोबाइल अपने पास रखना उचित प्रक्रिया नहीं मानी जा सकती। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कर दोषी टोल कर्मचारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने तथा भविष्य में शासकीय कार्य से जाने वाले वाहनों को अनावश्यक रूप से परेशान न किए जाने की मांग की है।

मानस भवन में कृष्ण जन्मोत्सव और लीलाओं का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह के अंतर्गत मानस भवन समिति द्वारा दिनांक 12 अगस्त 2026 को आयोजित रामचरितमानस आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता स्कूलों में अवकाश घोषित होने से स्थगित कर दी गई थी। वह प्रतियोगिता दिनांक 13 अगस्त गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुरूप स्कूलों एवं मानस भवन पर प्रात 10:00 बजे आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में जिन लोगों ने भागीदारी सुनिश्चित की थी। प्रथम दिवस श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की लीला दिखलाई जिसमें कंस द्वारा अपनी बहन देवकी का विवाह वासुदेव से किया,विवाह के पश्चात आकाशवाणी द्वारा उसको पता चलता है कि देवकी का आठवां पुत्र उसका वध करेगा तब वह अपनी बहन देवकी का वध करना चाहता है तब वासुदेव कंस को वचन देते हैं कि मैं अपने सभी पुत्रों को सौंप दूंगा तब भी कंस वासुदेव एवं देवकी को कारागृह में बंद कर देता है और अपने पिता महाराजा उग्रसेन के विरोध करने पर उनसे मुकुट छीनकर उनको कारागृह में बंद कर स्वयं मथुरा का राजा बनना, कंस के द्वारा देवकी एवं वासुदेव के साथ पुत्रों का वध करना,भगवान के चतुर्भुज रूप में देवकी को दर्शन देना , बासुदेव द्वारा अपने पुत्र को नंद बाबा के यहां छोड़ना , और वहाँ से उनकी पुत्री को लाकर कंस को देना,कृष्ण जन्म की झांकी एवं नन्द बाबा के यहां कृष्ण जन्म की बधाई गीतों के साथ सुंदर रासलीला का चित्रण संस्थान के द्वारा किया।

हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण बना भक्तिमय

शिवधाम तक पहुंचने वाले कांवड़ियों की लंबी कतारें सड़कों पर भी दिखाई दीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



सावन का पवित्र महीना आते ही हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने आराध्य भगवान शिव के धाम तक पहुंचने वाले कांवड़ियों की लंबी कतारें सड़कों पर दिखाई देने लगती हैं। भगवा वस्त्र, कंधों पर कांवड़ और हर-हर महादेव के जयघोष वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। यह यात्रा केवल पैदल चलने की परंपरा नहीं, बल्कि श्रद्धा, संयम, अनुशासन और साधना का प्रतीक है। लेकिन बदलते समय के साथ कांवड़ यात्रा के स्वरूप में भी बदलाव दिखाई देने लगा है, जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। हरिद्वार से मध्य प्रदेश, राजस्थान या बिहार तक सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा अपने आप में कठिन साधना है। इसमें शरीर के साथ मन और व्यवहार की भी परीक्षा होती है।

कई स्थानों पर भक्ति का यह स्वरूप सोशल मीडिया पर लाइक-शेयर की होड़, तेज आवाज वाले डीजे, और एक-दूसरे से आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा में बदलता दिखाई देता है। सवाल यह है कि क्या भक्ति में भी दौड़ जरूरी है?भक्ति में प्रदर्शन नहीं, भाव जरूरी है। भगवान शिव का स्वरूप हमें त्याग, तपस्या, शांति और संयम का संदेश देता है। ऐसे में कांवड़ यात्रा का उद्देश्य दिखावा या प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि आत्मसंयम और ईश्वर के प्रति समर्पण होना चाहिए। सात्विकता, शांति और मर्यादा ही धार्मिक यात्रा की वास्तविक पहचान होनी चाहिए। प्रशासन की जिम्मेदारीः प्रशासन को धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना चाहिए। हेलमेट, रिफ्लेक्टर, पर्याप्त रोशनी, निर्धारित गति सीमा और उपायों को गंभीरता से लागू किया जाना जरूरी है।

अव्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमण पर की कार्रवाई

यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने पुलिस ने प्रमुख मार्गों पर किया पैदल भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक अजीत सिंह ने यातायात बल के साथ अशोकनगर शहर के प्रमुख मार्गों, जिसमें विदिशा रोड, स्टेशन रोड सहित अन्य व्यस्त मार्ग शामिल हैं, पर पैदल भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान मार्ग में अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के कारण यातायात बाधित होने की स्थिति पाए जाने पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की गई तथा वाहन चालकों को सड़क पर वाहन व्यवस्थित रूप से पार्क न करने एवं यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। साथ ही प्रमुख मार्गों पर सड़क पर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले ठेले, दुकानों एवं अन्य अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया, जिससे आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके। पुलिस द्वारा वाहन चालकों एवं दुकानदारों को स्पष्ट रूप से समझाइश दी गई कि सड़क एवं सार्वजनिक मार्ग पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अथवा अव्यवस्थित पार्किंग कर यातायात बाधित न करें।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी, ताकि शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात सुचारू रहे, आमजन को आवागमन में परेशानी न हो तथा सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके। अशोकनगर पुलिस आमजन से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें, वाहन निर्धारित स्थान पर ही पार्क करें तथा सड़क पर अतिक्रमण कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें।

उल्लास एक अभिनव प्रयोग अंतर्गत बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला न्यायालय अशोकनगर में आयोजित उल्लास एक अभिनव प्रयोग कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को न्यायालय परिसर स्थित बैडमिंटन कोर्ट पर बैडमिंटन प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक, जिला न्यायाधीश किशोर कुमार निनामा एवं जिला न्यायाधीश संजीव सिंहल द्वारा किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर के सचिव मनीष अनुरागी, न्यायाधीश हर्षिता शर्मा, सोनल गुप्ता, प्रिया चौहान, शुभम द्विवेदी, जिला जेल अधीक्षक ललित कुमार दीक्षित, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, जिला न्यायालय के समस्त न्यायालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी, खेल विभाग से पधारे अरुण रघुवंशी (खेल अधिकारी) तथा अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा गया कि खेल गतिविधियाँ कर्मचारियों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक ताजगी, एकाग्रता, अनुशासन एवं टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने का आह्वान किया।



जिला परिवहन अधिकारी ने वाहनों की चेकिंग की

अशोकनगर। जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी द्वारा बुधवार को अशोकनगर जिले के तहसील ईसागढ़ में आकस्मिक रूप से यात्री वाहनों/मालवाहन/डंपर आदि वाहनों के दस्तावेज चेक किये गए। बैंकिंग के दौरान शिवपुरी पब्लिक स्कूल, दिशा पब्लिक स्कूल ईसागढ़ एवं डी पी इन्टरनेशनल स्कूल के वाहनों की जाँच की गई। अन्य वाहनों के दस्तावेजों एवं वाहनों में बिना चालक लायसेंस, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, एसएलडी, व्हीएलटीडी, अग्निशामक यंत्र, प्रथमिक उपचार पेटी, पात्रता से अधिक यात्री, सीट बेल्ट का उपयोग न करना एवं अन्य कमी पाये जाने पर 10 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क की राशि 40500 रूपये वसूल किया गया। जिन वाहनों के दस्तावेज पूर्ण नहीं थे उन्हे पूर्ण करने के लिए निदेर्शित किया गया। इस कार्यालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह स्कूल बसों व यात्री बसों की व अन्य वाहनों की चैकिंग की जा रही है।

प्रभारी मंत्री ने किया 'अशोकनगर एक समृद्ध विरासत' के कवर पेज का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं अशोकनगर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने मंगलवार को मंत्रालय, वल्लभ भवन में 'अशोकनगर एक समृद्ध विरासत' पुस्तक के कवर पेज का विमोचन किया। उन्होंने पुस्तक के प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी क्षेत्र की पहचान उसकी ऐतिहासिक स्मृतियों, सांस्कृतिक परंपराओं और समृद्ध विरासत से बनती है। अशोकनगर की विरासत को शोधपरक ढंग से सामने लाने का यह प्रयास सराहनीय है।

इतिहास, संस्कृति और पुरातात्विक विरासत का दस्तावेज अशोकनगर एक समृद्ध विरासत' में जिले के गौरवशाली इतिहास पुरातात्विक धरोहर, स्थापत्य, लोक परंपराओं, धार्मिक- सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान तथा सामाजिक- सांस्कृतिक विकास की यात्रा को तथ्यपरक एवं शोधपरक रूप में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक साहित्य अकादमी के सहयोग से प्रकाशित हो रही है। इसकी भूमिका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के सह-बौद्धिक प्रमुख हितानंद शर्मा ने तथा प्रस्तावना पद्मश्री सम्मानित पुरातत्ववेत्ता डॉ. नारायण व्यास ने लिखी है। कृति को स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी महाराज, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं साहित्य अकादमी के निदेशक विकास दवे की शुभकामनाएं प्राप्त हुई हैं। यह पुस्तक अशोकनगर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्मृतियों को संकलित कर उन्हें व्यापक पाठक वर्ग तक पहुंचाने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों तथा विरासत से परिचित कराने की दिशा में प्रयास है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक आयोजित

आत्मा वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आत्मा वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कृषकों के हित में कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों को बढावा देने,आधुनिक कृषि तकनीकी के उद्देश्य से प्रस्तावित गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आत्मा अंतर्गत संचालित गतिविधियों का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जाए तथा कार्ययोजना का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन भी किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी फसलों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाकर कृषकों को खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं।

उद्यानिकी,पशुपालन,मत्स्य विभाग की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी फसलों के विस्तार,किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान पशुपालकों के हित में संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का समय पर लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुओं के टीकाकरण,उपचार सहित क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान मत्स्य पालन को बढावा देने,हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति की जाए।

बलराम महोत्सव 20 अगस्त को

बैठक में बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार आगामी 20 अगस्त को बलराम महोत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय पर नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया जायेगा। इस आयोजन की समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में उप संचालक कृषि अमित भदौरिया,प्रधान कृषि वैज्ञानिक बी.एस.गुप्ता सहित पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी,बैंक से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जिला स्तरीय रोजगार मेला 21 अगस्त को

अशोकनगर। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार एवं कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस सम्बन्ध में प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी अशोकनगर ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार,उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर 21 अगस्त को शास नेहरू महाविधालय अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार व स्वरोजगार के लिए आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाता है।

कार्यालय नगरपालिका परिषद राघौगढ़-विजयपुर जिला गुना (म.प्र.)

क्रमांक 1535 / न.पा./रा-वि/26 — निविदा विज्ञप्ति — दिनांक 06/08/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है -

ई-टेन्डर नं	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत राशि	धरोहर राशि	ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	2	3	4	5
2026_UAD_526276_1	स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत सूचना शिक्षा एंव सम्प्रेषण गतिविधियों के संचालन का कार्य वित्तीय वर्ष 2026-27 ।	36.00 लाख	36000/-	5000/-

1. निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एंव निविदा से सबंधी समस्त शर्ते https://www.mptenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईड पर जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार-पत्र में नहीं किया जायेगा।
2. निविदाकार द्वारा केवल ऑनलाईन के माध्यम से ही दस्तावेज अपलोड़ करना अनिवार्य होगा।
3. समस्त शर्ते टेण्डर डॉक्यूमेंट अनुसार होगी।
4. टेण्डर खरीदने की दिनांक 08/08/26 से 05/09/26 तक रहेगी।
5. टेण्डर ओपन दिनांक 07/09/26

अध्यक्ष, नगरपालिका राघौगढ़-विजयपुर — मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका राघौगढ़-विजयपुर

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत अखाईकृष्ण निवासी बल्लू वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अरूण और सुनील वंशकार ने उससे मारपीट की। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुडैर निवासी अनुज यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घनश्याम और लालाराम आदिवासी ने उससे मारपीट की।

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत माता मोहल्ला मुंगावली निवासी शिवानी यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ससुराल पक्ष मराठी मोहल्ला इंदौर निवासी अमन यादव, कुसुम कान्ता यादव, छाया, रितिक यादव, शिवानी यादव ने दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

जहरीले पदार्थ का सेवन करने से ग्रामीण की मौत

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत पड़ौसी जिला विदिशा के दीपनाखेडा थाने के अंतर्गत ग्राम रिनिया निवासी कमरसिंह बघेल उम्र 58 साल ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ का खा लिया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

मोबाइल हैक कर 67 हजार रुपए निकाले

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत अथाई मोहल्ला निवासी जलील खान निवासी वार्ड नंबर 11 मुंगावली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी ने फरियादी का मोबाइल हैक कर धोखाधड़ी पूर्वक 67 हजार 498 रूपए काट लिए। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम बगुल्या निवासी कल्पना पत्नी जितेन्द सिंह केवट उम्र 38 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम अमाही थाना कचनार निवासी अंकेश रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नया बस स्टैंड अशोकनगर से अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गया। जिसका नंबर एमपी 67 एमई 3978 है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राजस्व विभाग की समीक्षा

अशोकनगर। प्रमुख सचिव, मप्र शासन राजस्व विभाग की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राजस्व विभाग निर्धारित बिन्दुओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने एग्रीस्टैक,पीएम किसान सम्मान निधि,डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण हेतु स्थानीय युवा का भुगतान,कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना से संबंधित लंबित राशि का भुगतान, स्वामित्व योजना, सीएम हेल्पलाइन, न्यायालयीन प्रकरण,हाउसिंग बोर्ड और विकास प्राधिकरण की रिकवरी,भू-अर्जन की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अशोकनगर के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन एवं विकास कुमार आनंद उपस्थित रहे।

विद्यालय में हुआ एआई ट्रेड का शुभारंभ

अशोकनगर। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में एआई ट्रेड का शुभारंभ हुआ है, जिसमें छात्राओं को नई टेक्नोलॉजी का लाभ मिलेगा विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी जिला व्यावसायिक प्रभारी अनिल खंतवाल ने शुभारंभ किया पहले से संचालित ट्रेड हेल्थ केयर एवं ब्यूटी एंड बेलनेस की शिक्षिका नेहा जोशी एवं नीरज साहू उपस्थित रहे एवं छात्रों को एआई ट्रेड से होने वाले लाभों के बारे में अवगत कराया।

लोधी समाज के विरोध प्रदर्शन में सहभागिता की

रानी अवंतीबाई लोधी के सम्मान में हरसंभव प्रयास के लिए प्रतिबद्ध विधायक रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ग्राम महोली में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पुनः स्थापित किए जाने की मांग को लेकर लोधी समाज द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने सहभागिता कर समाज की मांग का समर्थन किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के सम्मान और उनकी गौरवशाली स्मृति को बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। विधायक ने कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी केवल लोधी समाज का गौरव नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष की महान वीरांगना हैं, जिन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी सत्ता को चुनौती देते हुए अदम्य साहस और शौर्य का परिचय दिया। ऐसे महान व्यक्तित्व की प्रतिमा का सम्मान और पुनरुथापन हमारी गौरवशाली विरासत, मातृशक्ति और समाज के स्वाभिमान से जुड़ा विषय है।



प्रतिमा स्थापना के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा

विरोध प्रदर्शन के दौरान विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने समाजजनों को आश्वस्त करते हुए ग्राम महोली में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा की पुनः स्थापना के लिए 5 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रतिमा की पुनस्थापना सम्मान और गरिमा के साथ हो, इसके लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ समाज के साथ खड़े हैं।



आकलोन और बहेरिया चौराहे पर भी प्रतिमा स्थापना की पहल

विधायक ने समाजजनों को यह भी अवगत कराया कि ग्राम आकलोन, बहेरिया चौराहा सहित अन्य स्थानों पर वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित करने हेतु अनुमति के लिए आवेदन किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन से अनुमति प्राप्त होते ही इन स्थानों पर भी प्रतिमा स्थापना की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री सिंधिया को भी लिखा पत्र

प्रतिमा पुनस्थापना के मुद्दे को लेकर विधायक रघुवंशी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर भी हस्तक्षेप का आग्रह किया है। पत्र में उन्होंने महोली चैराहे से प्रतिमा हटाए जाने का उल्लेख करते हुए इसे केवल प्रतिमा का विषय नहीं, बल्कि समाज के सम्मान, स्वाभिमान और भारत की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत से जुड़ा विषय बताया है। विधायक ने मांग की है कि महोली चैराहे पर वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा को उसी स्थान पर पूरी भव्यता, गरिमा और सम्मान के साथ पुनः स्थापित कराया जाए। उन्होंने कहा कि "मां अवंतीबाई की प्रतिमा उसी स्थान पर वापस लौटे-सम्मान के साथ, गर्व के साथ और पूरे समाज के हृदय के साथ कराया जाएगा। अगर आवश्यकता पड़ी तो वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा को अगर प्रशासन असमर्थ रहा तो वह स्वयं अपनी निजी भूमि पर प्रतिमा की स्थापना कराएंगे।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर में निकली तिरंगा रैली

अशोकनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें शाढ़ौरा मंडल के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। यात्रा में मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी,नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, नगरपालिका सीएमओ शमशाद पठान, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह कनारी, सुरेश सिंह मट्टल्ली, सुरेन्द्रसिंह सेजी,अनिल रघुवंशी झीला, राकेश रघुवंशी, शिवराज सिंह कुँढौरा, रामकृष्ण शर्मा नीतू, विनय तिवारी, नेतराम कुशवाह,रघु शर्मा नासिर खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता



ग्रामीण जन उपस्थित रहे तिरंगा यात्रा हायर सेकेंडरी से प्रारंभ होकर अमोदा रोड कन्या छात्रावास पर पहुँच कर वंदेमातरम गायन कर समाप्त हुई। इस दौरान हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की शपथ ली गई।

सफाई व्यवस्था को लेकर नपाध्यक्ष ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

15 अगस्त की तैयारियों के चलते नगर पालिका के कई सफाई मित्र विशेष व्यवस्थाओं में व्यस्त रहे। वहीं कुछ सफाई मित्र अन्य आवश्यक कार्यों के चलते बाहर होने से नगर के कुछ क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई।

इसी संबंध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह कुशवाहा, कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा पंडा, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, वार्ड के डब्बू खान, रणजीत कुशवाहा, साबिर खान सहित अन्य वार्डवासी नगर पालिका कार्यालय पहुँचे और सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्या से नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया को अवगत कराया। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए तत्काल अतिरिक्त सफाई मित्र को सफाई व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि सफाई व्यवस्था नियमित रूप से जारी रहे और वार्डवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर पालिका द्वारा 15 अगस्त की तैयारियों के साथ-साथ नगर की नियमित सफाई व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी जा रही है। नगर पालिका का प्रयास है कि पूरे नगर में स्वच्छता व्यवस्था निरंतर बेहतर बनी रहे। स्वच्छ एवं सुंदर अशोकनगर के लिए नगर पालिका सदैव प्रतिबद्ध है।



गोशालाओं का निरीक्षण भी नहीं हो रहा

अशोकनगर पशु उप संचालक कार्यालय के हाल बेहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय पशु उप संचालक कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं है कि उनके यहां संचालित हो रही गौशालाओं में पशुओं की देख रेख ठीक ढंग से हो रही है या नहीं। अधिकारी का कहना है कि वह तो यहां एक महीने पहले ही आए हैं, और प्रभार में हैं नए अधिकारी आ रहे हैं, उसके बाद ही सही जानकारी मिल सकेगी।

ज्ञात हो कि अशोकनगर जिले में पशुओं की हालत अत्यंत चिंताजनक है, तमाम प्रयासों के बाद भी पशुओं की देखरेख नहीं हो रही है, शहर से लेकर गांव तक जंहा देखों वहां सड़कों पर पशु बैठे नजर आते हैं। अशोकनगर जिले में शासन की योजना के अंतर्गत 103 गौशालाएं संचालित हैं जिनमें 101 गौशालाएं पूर्ण हो चुकी हैं। पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यहां 10746 पशुओं को रखा जा रहा है। अगर इन पशुओं को इन गौशालाओं में रखा जा रहा है, समाज सेवी संस्थाओं के गौशालाओं में भी पशु रखे हो रहे हैं फिर सडकों पर पशु कैसे घूम रहे हैं। पशुओं को गौशालाओं में ठीक ढंग से रखे जाने की व्यवस्था पशु चिकित्सा विभाग की है लेकिन यहां कोई देख रेख करने वाला नहीं है। यहां के प्रभारी अधिकारी पशु उप संचालक डॉ. आरएस शर्मा ने बताया कि किसी भी गौशाला में कोई अनियमित्ता नहीं है। मैं यहां नया आया हूं और मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नही हैं। यह जरूर है कि 2002 में 32 गौशालाएं खोली गईं थी और 2021 में 71 गौशालाएं खोली गईं हैं जिन्हे मिलाकर 101 गौशालाएं संचालित हैं, दो गौशालाओं का काम अधूरा है। इन गौशालाओं पर 40 रूपए प्रति पशु खर्च किया जाता है जिसमें 25 रूपए चारे का 10 रूपए 10 दाने का और 5 रूपया प्रति गाय लेवर को प्रदान की जाती है। जब उनसे जानकारी चाही गई कि चक्क चिरोली में जो दुग्ध केन्द्र चल रहा था उस केन्द्र को संचालित किया जा रहा है या नहीं तब उन्होंने कहा कि इस बात की उन्हे कोई जानकारी नहीं है। जबकि इस केन्द्र को संचालित किए जाने में पूर्व कलेक्टरों ने खूब पसीना बहाया था। इसके पहले भी सारे पशु चिकित्सक गांव के लोगों को मौके पर प्रेरित कर अधिक से अधिक पशुपालन करने के लिए उत्साहित कर चुके हैं, यह दूध लेने के लिए बाहर की गाड़ी प्रतिदिन चक्क चिरोली आती थी, लेकिन उप संचालक को कोई रूचि नहीं होने के कारण यह दुग्ध केन्द्र बंद हो गया है।

उप संचालक कार्यालय का फर्स भी पूरी तरह नीचे बैठ गया है, यहां जिस निर्माण एजेंसी द्वारा भी निर्माण कार्य कराया गया था वह घटिया है, इसके अलावा यहां जो सरकारी भवन बना है, वह भवन भी जीर्णक्षीण होता जा रहा है पूरे भवन में पानी का रिसाव होता है, वहां ऑफिस में रहने वाले स्टाफ को सारे दस्तावेज पानी से बचाने पर रहे हैं कईं जगह प्लास्टिग डाल कर रखी गई है ताकि यह सरकारी दस्तावेज नष्ट न हो सकें।

महिला परिषद द्वारा हरियाली अमावस्या महोत्सव व हरि कीर्तन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद द्वारा हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर हरियाली अमावस्या महोत्सव एवं हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारियों के साथ जिला अध्यक्ष भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना एवं स्तुति के साथ किया गया। इसके पश्चात हरियाली अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश सभी को दिया गया। हरियाली अमावस्या भारतीय संस्कृति में प्रकृति, पर्यावरण एवं हरियाली के संरक्षण का महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर प्रकृति को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाए रखने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। महोत्सव एवं हरि कीर्तन के आयोजन में भावना रघुवंशी, बेबी रघुवंशी एवं रीना रघुवंशी का विशेष योगदान रहा। उपस्थित सभी महिलाओं ने भजन-कीर्तन में सहभागिता की तथा अपने-अपने विचार साझा किए। संपूर्ण आयोजन भक्तिमय एवं हर्षोल्लास वातावरण में संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री अनुसुइया रघुवंशी, अध्यक्ष दीपा रघुवंशी, संरक्षक आरती रघुवंशी, रश्मि रघुवंशी, सचिव,कृष्णा रघुवंशी, टीना रघुवंशी, रचना रघुवंशी, विनीता रघुवंशी, रश्मि रघुवंशी, दीपा रघुवंशी, प्रवीणा रघुवंशी, मनीषा रघुवंशी, सबीता रघुवंशी एवं धनपाल रघुवंशी दीदी उपस्थित रहीं।

सघन जागरुकता अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अलका त्रिवेदी प्रभारी स्वास्थ्य व चिकित्सा अधिकारी डॉ रजनी छारी एवं नोडल अधिकारी डॉ अशोक शाक्य के निर्देशन व मार्गदर्श में जिला अस्पताल अशोकनगर में एनएसीओ द्वारा संचालित सघन जागरूकता अभियान 3.0 का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जयमंडल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डी टी ओ एवं नोडल अधिकारी डॉ अशोक शाक्य द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रदेश के समस्त जनसामान्य में एचआईव्ही संक्रमण एवं संक्रमित मरीजों के साथ भेदभाव कलंक को दूर करने के उद्देश्य से जिला अशोकनगर में सघन जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डॉ जयमंडल द्वारा जनजागरुक लाने के इस प्रभावी अभियान में बढ़चढ़के हिस्सा लेने का आह्वाहन युवाओ से किया गया। प्रभारी सीएमएचओडॉ. रजनी छारी द्वारा अभियान के सफल संचालन के लिए उद्बोधन दिया तथा समग्र आवश्यकताओं की पूर्ति जैसे आईएचसी कैंप, प्रचार सामग्री के बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरणा दी।

नोडल अधिकारी एड्स डॉ अशोक शाक्य ने बताया कि 95-95-99 की दृष्टि से लोगों को एचआईव्हीजाँच और उपचार से जोड़ने हेतु ये अभियान अपना अलग ही महत्व रखता है। इसलिए सभी एनएसीपी स्टाफ जो ग्राम स्तरीय जागरूकता करें वे सभीको टेस्टिंग के लिए भी प्रेरित करें। कार्यक्रम में उपस्थित सिविल सर्जन डॉ बी एल टैगोर एवं पूर्व सीएमएचओ डॉ जे आर त्रिवेदिया सहित डॉ संदीप जैन, डी आई जितेंद्र शर्मा, के साथ छाब्ब स्टाफ से आईसीटीसी काउंसलर बृजपाल यादव एस टी आई काउंसलर संतोष भार्गव एल टी दिलीप सोनी नर्सिंग सुपरवाइजर सरिता डांगे टी आई परियोजना से प्रबंधक प्रमेंद्र भार्गव,काउंसलर मनीषा सेन छड विनोद साहू भावना कुशवाह महेंद्र यादव राजपाल यादव विहान टीम से सौरभ राजपूत उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जीएनएम सेंटर की प्रशिक्षु छात्राओं सहित जन सामान्य उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन टी आई प्रबंधक प्रमेंद्र भार्गव ने एवं अतिथियों का आभार व्यक्त एसटीआई काउंसलर संतोष भार्गव द्वारा किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम पश्चात जिला अस्पताल से टी आई परियोजना कार्यालय तक जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें जी एन एम सेंटर की छात्राओं एवं टी आई परियोजना स्टाफ सहित मुख्य अतिथि एवं प्रभारी सीएमएचओ डॉ छारी सहित सभी स्टाफ द्वारा सहभागिता कर एचआइवी संक्रमण के प्रति जागरूकता फैलाने के कार्य किया गया।



नवांकुर सखी ने कलश यात्रा व तिरंगा रैली निकाली

नवांकुर सखियों को किए फलदार पौधे वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा बुधवार को नवांकुर संस्था जय गुरुदेव समाज कल्याण समिति अशोकनगर द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवखेड़ी के सहयोग से नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा तथा तिरंगा यात्रा निकाली गई।

सर्वप्रथम नवांकुर सखी द्वारा कलश यात्रा व तिरंगा रैली निकाली गई। इसके बाद पंचायत भवन देवखेड़ी में मां सरस्वती की पूजन कर अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में विकासखंड समन्वक मनोज यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा तथा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। नवांकुर सखियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोहन यादव सेमरा ने बताया कि नवांकुर सखी पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान कर सकती हैं क्योंकि मातृशक्ति अपने बच्चों की तरह पर्यावरण को भी बचा सकती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान ने बताया कि परिषद द्वारा हरियाली अमावस्या पर पूरे प्रदेश में एक साथ यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें नवांकुर सखी को पर्यावरण के प्रति जोड़ना है।



राजपुर में तिरंगा रैली निकालकर दिया स्वच्छता, त्याग, शांति और खुशहाली का संदेश



राजपुर। मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति एवम् ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आमखेड़ा सूखा द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों व ग्रामीणजनों के साथ मिलकर हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामवासियों को त्याग, भाईचारा,समृद्धि, राष्ट्रप्रेम, स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से तिरंगा रैली एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

रैली में विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ भ्रमण किया। रैली के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा और जय हिंद के नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। गीताव्रती रामबली यादव ने तिरंगे के सम्मान व क्रांतिकारियों बलिदान को हमेशा याद रखने और राष्ट्रहित में कार्य करने की जानकारी दी। इसके पश्चात विद्यालय परिसर की स्वच्छता कर सार्वजनिक स्थानों की सफाई करने लोगों को कचरा निर्धारित स्थान पर डालने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने और स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। हाथ में तिरंगा, मन में राष्ट्रप्रेम और कदम स्वच्छता की ओर यही सच्ची देशभक्ति है।

गायत्री शक्तिपीठ व हनुमान मंदिर में संपन्न हुआ शिवार्चन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

विश्व मांगल्य सभा द्वारा श्रावण मास में चलाए जा रहे शिव आराधना से राष्ट्र आराधना अभियान अंतर्गत सिद्धेश्वर मंदिर दुबे कॉलोनी और ग्राम नारायणपुर मे शिवार्चन सम्पन्न हुआ। विश्वमांगल सभा द्वारा शहर के 11 शिवालयों में शिव अर्चन का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में तृतीय व चतुर्थ ग्राम नारायणपुर में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण बहनों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके साथ ही पंचम कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ एवं सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में संपन्न हुए। इन कार्यक्रमों की संयोजिका कविता साहू नैना शर्मा सरोज शर्मा मोना साहू कविता शिंदे रही। सभी ने विश्व कल्याण की भावना के साथ पूजा अर्चन किया एवं राष्ट्र की सुख शांति के लिए प्रार्थना की। पांच स्त्रोत पाठ करके त्याग एकता और अनुशासन का संकल्प भी लिया नैना शर्मा ने बताया जहाँ पानी और पेड़ साथ साथ हो वहां हरियाली अपने आप आ जाती है और जहाँ परिवार में संस्कार हो तो जीवन में भी हरियाली आ जाती है इसलिए बच्चों मे संस्कार जरुरी है।

दिवंगत प्रधान आरक्षक के आश्रितों को अधीक्षक ने सौंपा चेक और नियुक्ति पत्र


पुलिस सैलरी पैकेज से मिली अनुकंपा सहित 1.23 करोड़ रुपए की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पुलिस विभाग द्वारा कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए दिवंगत हुए पुलिसकर्मियों के परिवारों के प्रति संवेदनशीलता एवं मानवीय दायित्व प्रस्तुत करते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। इस सहायता से दिवंगत शासकीय कर्मचारी की पूरी भलेंही नहीं हो पाती लेकिन परिवारजनों आगे के जीवन के लिए एक बड़ा संबल अलबत्ता मिल जाता है। एक ऐसे ही मामले में साल 2025 में ड्यूटी के दौरान हुए सड़क हादसे में मृत प्रधान आरक्षक के परिजनों को पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने पुलिस सैलरी पैकेज से एक बड़ा आर्थिक संबल पहुंचाया है। संबंधित प्रधान आरक्षक के परिजनों को 1 करोड़ 23 लाख रुपए के चेक के साथ



एक आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।



दिवंगतों के प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी द्वारा जिले में दिवंगत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकृत कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश प्रदान किए हैं ताकि मृत सेवकों के आश्रित परिवारों को समय पर शासन एवं विभागीय योजनाओं का लाभ मिल सके।

पूर्व एसपी ने दिलवाया था लाभ

इसी तरह की एक बड़ी आर्थिक सहायता तत्कालीन पुलिस अधीक्षक प्रदीप मिश्रा द्वारा कोरोना काल के दौरान ड्यूटी पर मृत एक पुलिसकर्मी के परिवार को दिलवाई थी। शमिश्रा वर्तमान में उज्जैन जिले के पुलिस अधीक्षक हैं।

क्या है पूरा मामला

ब्यावरा सिटी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक सर्जन भील 06 नवंबर 2025 को ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान ट्रक हादसे में उनकी दु:खद मृत्यु हो गई। इस राजगढ़ पुलिस की संवेदशीलता ही कहा जाएगा जो पुलिस सैलरी पैकेज से दिवंगत श्री भील के पिता रामदयाल भील एवं पत्नी श्रीमती वर्षा भील को विभाग द्वारा 1 करोड़ 23 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा गया। इसके साथ ही दिवंगत प्रधान आरक्षक के पुत्र शरद भील को विभाग ने बाल आरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की है। यह आर्थिक सहायता और नियुक्ति पत्र लेते समय श्री सर्जन भील के पिता और पत्नी की आंगे नम हो उठीं। श्री तोलानी ने आगे भी किसी तरह की मदद होने पर हर संभव सहायता का आश्वासन मृतक के आश्रितों को दिया है।

बम बम भोले के जयकारों से गूंजा उठा घुरेल धाम



सुठालिया। सावन की हरियाली अमावस्या पर बुधवार को घूरेल के पशुपतिनाथ मंदिर में भक्ति का ज्वार आ गया। सुबह से ही 7 से 50 साल तक के श्रद्धालु कांवड़ लेकर पहुंचे और हर हर महादेवष्ऋ के जयकारों के बीच शिवलिंग पर जल चढ़ाया। कई श्रद्धालु पैदल आएए कई डाक कांवड़ लेकर। उज्जैन से 'श्री बालाजी सुंदरकांड समितिए मोठबड़ली' के शिवभक्त भी डाक कांवड़ के साथ पहुंचे। पूरे दिन मंदिर प्रांगण भक्ति गीतों और जयकारों से गूंजता रहा।

33 साल पुरानी परंपरा

पुजारी बद्री लाल नाथ ने बताया 1993 में सुठालिया के स्वयएभंवर सिंह राठौड़ए पालीवाल साहबए नवल शर्मा ने ये यात्रा शुरू की थी। आज वो 7 नहीं हैंए पर उनका संकल्प हर साल मजबूत हो रहा है। समिति अध्यक्ष 'होकम सिंह सोंधिया' ने बताया कि कांवड़ियों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई। सुरक्षा के लिए ड्रोन से निगरानी और अनिल रहोरिया के नेतृत्व में पुलिस तैनात रही। भक्तों ने प्रार्थना की गांव में सुखशांति बनी रहे। ये यात्रा यूं ही चलती रहे।

पदाधिकारी रहे मौजूद

शिक्षकों ने भरी हुंकार, तिरंगा रैली निकालकर मांगों का सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विभिन्न संघटनों से जुड़े हुए जिले के शिक्षक एवं अध्यापक अर्से से अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में शासन, प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाते आ रहे हैं लेकिन उनकी अनेकों मांगे अभी तक लंबित हैं। ऐसे में अध्यापक, शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले इन शासकीय सेवकों ने बुधवार को मुख्यालय पर एक विशाल तिरंगा यात्रा निकालते हुए कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। इसके पूर्व सभी शिक्षकगण स्थानीय खिलचीपुर नाके पर एकत्रित हुए और भारत माता के जयकारे लगाए। इसके उपरान्त सभी हाथों में तिरंगा थामे कलेक्टोरेट के लिए रवाना हुए। यहां सभी ने ज्ञापन के जरिए शासन से अपनी मांगे, समस्याएं रखीं। इस अवसर पर शासकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणावत, राज्य शिक्षक संघ पदाधिकारी सुरेश दांगी, प्रांतीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष चंदर सिंह तोमर, एनएमओपीएस जिलाध्यक्ष रामबाबू भिलाला सहित अनेकों शिक्षक उपस्थित रहे।

ये रखी गई मांगें

इन शासकीय सेवकों की प्रमुख मांगों में नियुक्ति दिनांक से सभी को वरिष्ठता प्रदान करना, शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से मुक्त रखने हेतु अध्यादेश लाकर आरटीई कानून में संशोधन किया जाना, पुरानी पेंशन बहाली, ई-अटेंडेंस की व्यवहारिक परेशानियों के चलते इस पर रोक लगाने सहित प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षकों की पदोन्नति आदेश दिनांक से शीघ्र जारी करना था। इसके साथ ही अन्य मांगें भी रखी गईं। शासन से अपेक्षा की गई कि सभी मांगों का जल्द से जल्द निराकरण करवाया जाए।

हादसों से चेते आरटीओ ने ली बस मालिकों की बैठक

बारिश में सावधानियां बरतने के लिए दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

बीते दिनों जिले में हुई मूसलाधार बारिश के दौरान विभिन्न बस ऑपरेटरों, ड्राइवरों की लापरवाहियों से आमजनों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। कुछ स्थानों पर बस चालकों ने उफान भरे पुलों पर बसें उतार दी जिसके चलते बड़े हादसे होते-होते टल गए। सारंगपुर क्षेत्र में हुई हृदय विदारक घटना में तो नौ लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थीं हालांकि इस वाहन का चालक देवास जिले का था। उक्त घटनाओं एवं हादसों से सबक लेते हुए जिला परिवहन कार्यालय में विभिन्न बस ऑपरेटरों एवं मालिकों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के निर्देशानुसार हुई इस बैठक में बस मालिकों को कठोरे रूप से निर्देशित किया गया कि बस संचालन में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा जाए। अगर किसी नदी, नाले के पुल पर पानी हो तो उसे किसी सूरत में पार न किया जाए अन्यथा कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही बसों के बीमा, परमिट, फिटनेस सहित अन्य सभी दस्तावेज पूर्ण रखने हेतु कहा गया। आरटीओ श्री वैश्य ने बताया कि इस तरह की बैठक सभी ब्लॉकों में आयोजित करवाई जाएगी। बैठक में बस ऑपरेटर मुबारिक खान, रामकरण, शिव सौंधिया, मांगीलाल, तनवीर खान, घनश्याम वर्मा, कालू सिंह सहित अन्य बस मालिक मौजूद थे।

तो रद्द होगा बस का परमिट

आरटीओ वैश्य ने बताया कि यदि बस ऑपरेटरों द्वारा बैठक में दिए गए निर्देशों की अवहेलना की तो बसों का परमिट रद्द करने के साथ ही अन्य विभागीय कार्यवाहियां की जाएंगी। उन्होंने स्कूल बस ऑपरेटरों से भी उक्त निर्देशों का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा है।

सेवा भारती ने किया कार्यक्रम

जेल में बंदियों को पढ़ाया नैतिकता ईमानदारी का पाठ, प्रशिक्षण दिया



राजगढ़। सामाजिक, धार्मिक सहित कई तरह के मानवीय कार्यों से जुड़ी सेवा भारती संस्था द्वारा बुधवार को जेल में निरुद्ध बंदियों में नैतिकता, ईमानदारी का पाठ पढ़ाने एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला जेल में आहूत इस कार्यक्रम के दौरान बंदियों को रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण भी दिया गया ताकि जेल से बाहर आकर वे ईमानदारी और नेकी से भरा जीवन जी सकें। सभी बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्धेश्य से सृजनात्मक उद्धबोधन वक्ताओं द्वारा दिए गए। इस अवसर पर सेवा भारतीय के सचिन दुबे, डॉ. राकेश पांडे, मार्तण्ड सिंह सौलंकी सहित अन्य ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चाताप के आंसू हर पाप धो दिया करते हैं। आपसे जीवन में जो भी गल्तियां हुई उन्हें अब सुधारना होगा। आप यहां से बाहर निकलकर मानव हित और कल्याण से जुड़े कार्य करें। अपराधमुक्त जीवन जीकर अपने परिवार, समाज के लिए जितना अच्छा हो सकें वह सब करें। इस अवसर पर जेल अधीक्षक आलोक वाजपेयी, शिक्षक लखन सिंह चैहान सहित जेल का स्टाफ मौजूद था।

हरियाली अमावस्या पर 500 पौधों का रोपण, नवांकुर सखी और तिरंगा यात्रा के साथ आयोजन किया गया

कुरावर। हरियाली अमावस्या के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था जीत वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा तीज माता मंदिरए बड़ली में नवांकुर सखी यात्रा तिरंगा यात्रा महाआरती एवं भव्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए करीब 500 पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से नवांकुर सखी एवं तिरंगा यात्रा के साथ हुई। यात्रा तीज माता मंदिर बड़ली पहुंचीए जहां विधिवत महाआरती के बाद पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा दादा रहे। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पवार ने की। इस दौरान खजान सिंह ठाकुर ब्लॉक समन्वयक जगदीश जागीरदारए गंगा प्रसाद चौधरीए कैलाश सगवालियाए डॉण दिनेश मंडलोईए कुरावर मंडल अध्यक्ष रवि मीणाए झाड़ला मंडल अध्यक्ष महेश संगवालिया सहित अनेक जनप्रतिनिधिए पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने हरियाली अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन के साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य की आधारशिला हैं। पौधरोपण अभियान में जीत वेलफेयर फाउंडेशन के सुरेश चंद्रवंशीए जितेंद्र चौधरीए मुरारी कलमोदियाए संदीपए भोलाए संजू कलमोदियाए रामचंद्र चौधरीए प्रवीण धनगरए नीरज वर्माए रितेश कलमोदियाए प्रेम सहित संस्था के अन्य सदस्यों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। समापन तीज माता की आरती के साथ हुआ। संस्था के सचिव सुरेश चंद्रवंशी ने सभी अतिथियोंए जनप्रतिनिधियोंए अधिकारियोंए ग्रामीणों एवं संस्था सदस्यों का आभार व्यक्त किया। 500 पौधों के रोपण के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के साथ जनभागीदारी और सामाजिक एकजुटता का प्रेरणादायी संदेश दिया।



क्षिप्रा मैया के जल से किया खोयरी महादेव का अभिषेक

राजगढ़। वीर खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में भोलेनाथ की नगरी उज्जैन तक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया था। समिति के करीब 40 सदस्य चार दिनों की पैदल यात्रा करने के उपरान्त राजगढ़ पहुंचे तो बुधवार सुबह उनके साथ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मातृ-शक्तियों ने भी क्षिप्रा मैया एवं नेवज मैया के जल से खोयरी बैजनाथ महादेव धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया।





इसके पूर्व सभी सनातनी महिलाएं हाथों में कलश, कांवड़ लिए भोलेनाथ के जयकारे लगाकर भजन गाते हुए साथ चल रही थीं। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली कांवड़ यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत, वंदन, अभिनंदन किया गया। यात्रा के खोयरी महादेव धाम पहुंचने पर सभी ने बारी-बारी से पवित्र जल से शिवजी का अभिषेक, पूजन किया। इसके उपरान्त सभी को प्रसादी का वितरण करवाया गया। इस दौरान अनेकों मातृ-शक्तियों के मंदिर पहुंचने पर उनकी सुविधा एवं व्यवस्था के लिए नगर के गौसेवकों ने व्यवस्था को सुचारू बनाया। टीआई मंजू मखेनिया भी टीम के साथ पहुंची और व्यवस्थित रूप से अभिषेक पूजन संपन्न करवाया।

श्रद्धालुओं ने भी निकाली यात्रा

सावन मास में चल रही कांवड़ यात्राओं की कड़ी में बाराद्धारी मित्र मंडली द्वारा भी उज्जैन महांकाल तक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान गौसेवक देवा गुर्जर, दिनेश गुंर, गोपाल गुर्जर, पवन गुर्जर, मिथुन वंशकार, गोविंद गुर्जर, पंकज भिलाला, महेंद्र राजपूत, महेश गुर्जर, अजय भिलाला, रोहित भिलाला, टिंकू वंशकार, दीपक प्रजापति, रंजीत वंशकार, दीपक मेवाड़े, ओम राजपूत, बिट्टू मेवाड़े, धमेंद्र तंवर, हुकुम गुर्जर, भोला वाल्मीकि, रितिक जोशी, मोहित जोशी, भागवत सौधिया सहित अन्य शिवभक्त यात्रा में सहभागी बने।

शिव की निकली भव्य बारात गूंजे भोलेनाथ के जयकारे



कुरावर। राधा माधव महिला मंडल परिवार कुरावर द्वारा आयोजित श्री महाशिवपुराण कथा के चौथे दिन भगवान शिव की महिमा और उनके विभिन्न स्वरूपों का सुंदर वर्णन किया गया। कथावाचक पंडित श्री प्रमोद नागर ने शिवलिंगों के विभिन्न स्वरूपों एवं उनकी महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भाव.विभोर कर दिया। कथा के दौरान भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन मधुर भजनों के साथ किया गया। इस दौरान भगवान शिव को निराले दूल्हे के रूप में सजाया गया तथा माता पार्वती के साथ उनके विवाह का प्रसंग रीति.रिवाजों के साथ कथा के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। भगवान शिव की बारात निकाली गईए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्तिमय वातावरण में भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा का श्रवण किया। कथा के समापन पर महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया।

एबीवीपी के चक्काजाम के बाद प्रशासन ने मानी मांगें

कन्या शाला स्कूल के पास से शराब ठेका हटाने सहित पीएम श्री के सामने स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ;एबीवीपीद्ध ने बुधवार को नगर के संडावता में जोरदार प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विद्यालयों के आसपास विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के निराकरण की मांग प्रशासन के समक्ष रखी। विद्यार्थी परिषद की प्रमुख मांगों में पीएम श्री स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनवाना तथा कन्या शाला के समीप स्थित शराब के ठेके को हटाना शामिल रहा। परिषद पदाधिकारियों का कहना था कि स्कूल के नजदीक शराब का ठेका होने से विद्यार्थियोंए विशेषकर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। वहीं मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण स्कूल आने.जाने वाले विद्यार्थियों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध जताया। सूचना मिलने पर एसडीएम रोहित बम्होरे मौके पर पहुंचे और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं से चर्चा की। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों की समस्याओं को सुना और मांगों के निराकरण को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया।

प्रशासन ने कन्या शाला के समीप स्थित शराब के ठेके को



हटाने की कार्रवाई के लिए एक माह का समय मांगा है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि निर्धारित अवधि में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीएम श्री स्कूल के सामने विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग पर भी जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। प्रदर्शन के दौरान प्रांत मंत्री उमा बैरागीए नगर अध्यक्ष दिलीप प्रजापतिए नगर मंत्री ओमप्रकाश गुर्जर सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद प्रशासन द्वारा मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर मामला शांत हुआ।

स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी

परोलिया गांव के बीच से गुजरता नाला बना आफत, पुलिया की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम पंचायत परोलिया में गांव के बीच से गुजरने वाला एक नाला ग्रामीणों के लिए मुसीबत बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि यह नाला गांव के बीचोंबीच से निकला है। इसी रास्ते से होकर खेत.खलिहानों तक जाना पड़ता है। साथ ही दो शासकीय स्कूलों . प्राथमिकए माध्यमिक और हाई स्कूल के बच्चों को भी रोजाना इसी नाले को पार करके स्कूल पहुंचना पड़ता है। ऐसे में कभी भी कोई अनहोनी घटना होने की संभावना बनी रहती है।

तेज बारिश में ठप होता है आवागमन

थोड़ी सी भी बारिश होने पर नाले में पानी भर जाता है और तेज बहाव शुरू हो जाता है। इससे आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। जो यह मार्ग सिर्फ परोलिया के लिए ही नहींए बल्कि 'गौशालाए पीपल्दाए गागोरनी रोडए चैनपुरियाए रानीपुरा और लक्ष्मणपुरा' को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता भी है। इन गांवों के लोग भी इसी रास्ते से आते.जाते हैं। ऐसे में परेशानी का सामना करना पड़ता है।



पुलिया और सड़क निर्माण की मांग

जानकारी के मुताबिक यह रास्ता प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत हो चुका है। ग्रामीण कमल सिंह परोलिया सहित समस्त ग्रामवासियों ने प्रशासन से नाले पर पुलिया और सड़क निर्माण की मांग की हैए ताकि बच्चों और आमजन को परेशानी न हो।

पीएम श्री स्कूल को 190.61 लाख की सौगात, मंत्री ने किया 7 अतिरिक्त कक्षों का भूमिपूजन

180 छात्र-छात्राओं को बांटीं साइकिलें, अब मिलेगी और बेहतर शिक्षा





हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनवास

बुधवार को लखनवास के लिए शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक दिन रहा। पीएम श्री शासकीय उत्कर्ष माध्यमिक विद्यालय लखनवास में 190.61 लाख रुपये की लागत से बनने वाली बिल्डिंगए 7 अतिरिक्त कक्षए टायलेट एवं अन्य निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने भूमिपूजन कर कहा लखनवास का रिजल्ट 75: से बढ़ाकर 95: करना है। अब यहां के बच्चों को भी ओर अधिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। किसी भी परिस्थिति में निराश नहीं होना। शिक्षकों को भी सख्त हिदायत दी कि बाइक उठाकर हाजिरी भरकर कहीं चले जाने की शिकायत अब नहीं मिलनी चाहिए। भूमिपूजन के बाद मंत्री ने दूरस्थ गांवों से 3 से 5 किलोमीटर पैदल आने वाले 180 बालक.बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित कीं। बेटियों को प्राथमिकता देते हुए कहा हमारी सरकार नेए बहनों और किसानोंएगरीब को सशक्त किया है। इस वर्ष से स्कूल में एग्रीकल्चर ; कृषिद्धविषय भी जोड़े जा रहे हैं ताकि गांव के बच्चे खेती में भी आगे बढ़ें।

मंत्री की घोषणाएं

सीसी रोड ग्रामीणएपंचायत सरपंच और प्राचार्य केवल सिंह भिलाला के आग्रह पर मंत्री ने मंडी गेट से स्कूल तक सीसी रोड बनवाने का आश्वासन दिया। काम अप्रैल तक पूर्ण हो जाएगा लखनवास नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंत्री बोले तिरंगा हमारी आन.बान.शान है। राष्ट्र के लिए विलीन हो सर्वोत्तम हे। राजस्व विभागए व सभी विभाग की कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। हमारी सरकार हर गांव घर आयेगी

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत ब्यावरा अध्यक्ष राधाबाई जगदीश गुर्जर ने की। मंच पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव एऔर जसवंत गुर्जरएअमित शर्मा, इंदरसिंह लोधाए विशेष रूप से उपस्थित थे। मंच का कुशल संचालन मंडल अध्यक्ष श्री दिनेश मीणाएएवम राजू गुप्ता लखनवास ने किया। इस अवसर पर निर्माण टेंडर विभोर वर्माए एजेंसी एपर्यटन विकास निगम के अधिकारीए स्कूल स्टाफए जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजनए तथा मलावर थाना पुलिस बल एवं मीडिया बंधु मौजूद रहे।

हरियाली अमावस्या पर पौधरोपण

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छात्राओं ने लिया संरक्षण का संकल्प



खुजनेर। हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयए खुजनेर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भी पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर छात्राओं एवं विद्यालय परिवार ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय में छात्राओं को अपने जन्मदिवस पर पौधा लगाने के लिए भी प्रेरित किया जाता हैए जिससे उनमें प्रकृति के प्रति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित हो रही है विद्यालय परिवार ने संदेश दिया कि श्वृक्ष लगाना ही नहींए उन्हें वृक्ष बनने तक बचाना भी हमारी जिम्मेदारी हैश यह पहल हरित विद्यालय और स्वच्छए सुंदर एवं स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक सार्थक कदम है